पुनरावृत्ति कार्य (अभ्यास प्रश्न पत्र)
कक्षा छठी

निम्न गद्यांश को पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दें !-

1.प्र०!- वर्तमान काल को विज्ञापन का युग माना जाता है। समाचार-पत्रों के अतिरिक्त रेडियो और टेलीविज़न भी विज्ञापन के सफल साधन हैं। विज्ञापन का मूल उद्देश्य उत्पादक और उपभोक्ता में सीधा संपर्क स्थापित करना होता है। जितना अधिक विज्ञापन किसी पदार्थ का होगा, उतनी ही उस की लोकप्रियता बढ़ेगी। इन विज्ञापनों पर धन तो अधिक व्यय होता है परंतु इनमें बिक्री बढ़ जाती है। ग्राहक जब इन आकर्षक विज्ञापनों को देखता है, तो वह उस वस्तु-विशेष के प्रति आकृष्ट हो कर उस वस्तु को खरीदने के लिए बाध्य हो जाता है।

(I) प्र०।- वर्तमान युग में विज्ञापन के कौन-कौन से तीन साधन हैं ?
(क) पत्र (ख) रेडियो (ग) टेलीविज़न (घ) उपर्युक्त सभी।

(II) प्र०।- उत्पादक विज्ञापनों पर धन का व्यय क्यों करता है?
(क) बिक्री बढ़ाने के लिए (ख) बिक्री घटाने के लिए
(ग) चीज़ बढ़ाने के लिए (घ) इनमें से कोई नहीं।

(III) प्र०।- विज्ञापनों का क्या प्रभाव पड़ता है!
(क) व्यय बढ़ता है (ख) बिक्री बढ़ती है
(ग) लोकप्रियता कम होती है (घ) उत्पादन बढ़ता है।

(IV) प्र०।- उपर्युक्त गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक बताइए।
(क) उपभोक्ता (ख) वर्तमान काल
(ग) विज्ञापन (घ) विज्ञापन से लाभ।

प्र०/- निम्नलिखित मुहावरों के नीचे दिए गए अर्थों में से सही अर्थ चुनकर लिखिए:-

(i) पाँचों उँगलियाँ घी में होना:-
(क) सावधानी से काम करना (ख) अधिक लाभ होना
(ग) बात फैलाना (घ) कुछ न बिगड़ना

(ii) ढोल पीटना:-
(क) प्रभाव मानना (ख) एकमात्र सहारा
(ग) तैयार होना (घ) चाल असफल होना।

(iii) जी-जान से काम करना:-
(क) मन लगा कर काम करना (ख) सावधानी से काम करना
(ग) मेहनत से काम करना (घ) श्रम करना।

(iv) ज़मीन पर पैर न रखना:-
(क) चौकन्ना होना (ख) तैयार होना
(ग) बहुत घमंड करना (घ) गर्व होना

3 प्र०/- रेखांकित शब्दों के सही कारक चुन कर लिखिए।-

I. सरिता की साड़ियाँ धुल गईं।
(क) कर्म कारक (ख) ~~करण~~ संबंध कारक (ग) अपादान कारक (घ)

II कप से चाय गिर गई
(क) अपादान कारक (ख) संप्रदान कारक (ग) कर्ता कारक।

III दादी जी उमेश के लिए फुटबॉल लाईं।
(क) कर्म कारक (ख) संप्रदान कारक (ग) करण कारक

IV. चपरासी ने घंटी बजाई।
(क) संबोधन कारक (ख) अधिकरण कारक (ग) कर्ता कारक

1 प्र०/- निम्नलिखित वाक्यों में सर्वनाम रेखांकित कीजिए और भेदों के नाम लिखिए।-

(क) खाना कौन बनाएगा?
(ख) दूध में कुछ पड़ा हुआ है।
(ग) मैं स्वयं काम कर लूँगा
(घ) हिमांशु तुम्हारा पता पूछ रहा था।
(ङ) जो सच्चा मित्र है, वह सहायता करेगा।

⟷